जागरूकता रैली निकाली

31/01/2022

रामगढ़ शेखावाटी. जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स।

भास्कर न्यूज | रामगढ़ शेखावाटी

कस्बे के सेठ आर एन रुईया राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनसीसी प्रभारी प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि प्राचार्या शारदा इन्दलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में देश के वीर शहीदों, महापुरुषों तथा महान नेताओं को याद किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. नवीन कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. सुरेशकुमार शर्मा एवं डॉ. ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए देश के महान नायकों के प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए एवं देश की आज़ादी में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भारत के महान नेताओं व महापुरुषों द्वारा दिए गए संदेश तथा नारों को पोस्टर्स व कार्ड्स के माध्यम से कस्बे के नागरिकों को प्रेरित किया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ हो कर कस्बे के मुख्य बाजार, पुराने बस स्टैंड व मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस महाविद्यालय पहुंची।

CamScanner

रामगढ़ शेखावाटी। कस्बे के सेठ आरएन रूइया राजकीय महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब व एनएसएस के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी

दिवस मनाया गया। अध्यक्षता प्राचार्य शारदा इन्दलिया ने की। क्लब संयोजक डॉ. ज्योति शर्मा ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकाश डाला। एनसीसी प्रभारी प्रो. नवीन कुमार ने इस वर्ष की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट के बारे में जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी डॉ. सुरेशकुमार शर्मा ने पौधारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। प्रो. महेशकुमार स्वामी ने विचार व्यक्त किया। डॉ. एसके सक्सेना, डॉ. रघुवीरसिंह मौर्य, मनीषा पुजारी, प्रो. किशन गहलोत, प्रो. पूनम वर्मा ने संबोधित किया गया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण की शपथ ली।



मिठारवाल की अध्यक्षता में हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर विदाई दी। समारोह में संचालक ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

जल संचयन व संरक्षण की जानकारी दी

रामगढ़ शेखावाटी | कस्बे के सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में विश्व जल दिवस के अवसर पर एनएसएस व एनसीसी तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य शारदा इन्दलिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति शर्मा ने जल दिवस की थीम ग्राउण्ड वॉटर मेंकिंग द इनविजिबल विजिबल के बारें में विस्तारपूर्वक बताते हुए भूजल जैसें महत्वपूर्ण संसाधन के महत्व व संरक्षण के बारें में बताया। एनसीसी अधिकारी प्रो. नवीनकुमार ने विश्व जल दिवस मनाने के इतिहास एवं औचित्य के बारें में जानकारी दी। डॉ. आशीष गर्ग ने विद्यार्थियों ने जल संचयन व जल संरक्षण के बारें में बताया। प्रो. सुमन कुमारी ने राज्य में जल संरक्षण के बिन्दुओं के बारें में बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को असमी भाषा में बोलना सिखाया। कार्यक्रम में जल संरक्षण की विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को देंगे 51 हजार रुपए

खंडेला। पलसाना रोड स्थित विवेकानंद सीनियर सैकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधानाचार्य द्वारका प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता व निदेशक श्रवण नेहरा के नेतृत्व में मनाया गया। निर्देशक नेहरा ने विद्यालय में

... परीक्षा में